


# महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

## सलीमा टेटे की कप्तानी में उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

**नयी दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता) हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।**

चीन के हांग्जो में पांच से 14 सितंबर तक होने वाला इस टूर्नामेंट की विजेता टीम 2026 के एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगी।

भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी, उसके बाद छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा।

सलीमा टेटे की अगुवाई वाली इस टीम में युवा और अनुभवी



- 5 से 14 सितंबर को हांग्जो में होगा टूर्नामेंट
- विजेता टीम को 2026 विश्व कप का टिकट मिलेगा
- भारत पूल बी में जापान, थाईलैंड, सिंगापुर से भिड़ेगा

खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है, जिसमें गोलकीपर बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम पोस्ट के नीचे गहराई प्रदान करेंगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान,

> भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टीम के बारे में बात करते हुए कहा, हांग्जो में होने वाले महिला एशिया कप के लिए चुनी गई टीम को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है और हमने अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने का प्रयास किया है।

ज्योति, सुमन देवी थौदम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसे मजबूत नाम हैं, जो रचनात्मकता और स्थिरता दोनों सुनिश्चित करते हैं। फॉरवर्ड लाइन में अनुभवी और उभरते सितारे नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज़ खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल का मिश्रण शामिल है।

### महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम

**गोलकीपर–** बंसारी सोलंकी, बिचु देवी खारीबाम
**डिफेंडर–** मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी थोडम, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी
**मिडफील्डर–** नेहा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, लालरेमसियामी, सुनेलिटा टोप्पो
**फारवर्ड–** नवनीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, दीपिका और संगीता कुमारी।

## भारतीय हॉकी टीम मैत्री सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हारी

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया), 21 अगस्त (वार्ता)** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 15 से 21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई चार मैचों की मैत्री सीरीज में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा है। आज यहां पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए सीरीज के अंतिम और चौथे मैच में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना प ?ा। इस तरह से मेजबान टीम ने यह सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को खेले गए पहले मैच में मेजबान टीम से 1-4 से हार के

# ईरानी-वावसोरी ने खिताब बरकरार रखा

## यूएस ओपन मिश्रित युगल के फाइनल में स्वियाटेक-रूड को 6-3, 5-7, 10-6 से हराया


**न्यूयॉर्क, 21 अगस्त (वार्ता) सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इगा**

- लगातार दूसरी बार बने चैम्पियन
- दर्शकों का किया आभार व्यक्त

**स्वियाटेक और कैस्पर रूड की जोड़ी को हराकर यूएस ओपन मिश्रित युगल का अपना खिताब बरकरार रखा।**

इटली की सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने बुधवार रात को मिश्रित युगल मुकाबले के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वियाटेक और नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-3, 5-7, 10-6 से हराया।

ईरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने पहले इस नए प्रारूप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया।



# गुकेश और प्रज्ञाननंदा की बाजियां रहीं ड्रॉ

## सिंकफील्ड कप में कारुआना, अरोनियन और प्रज्ञाननंदा संयुक्त बढ़त पर

**सेंट लुई (अमेरिका), 21 अगस्त।** विश्व चैम्पियन डी गुकेश को यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे।

### गुकेश को सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका

प्रज्ञाननंदा ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। दिन की एकमात्र निर्णायक



बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फ़िरोज़ा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक

> इस 3,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी छह राउंड खेले जाने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डुडा एक अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव ने यहां अपने पहले तीन मैचों में आधा अंक हासिल कर खाता खोला है।

अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ के साथ अंक बांटे।

## श्रीलंका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम घोषित की

**कोलंबो, 21 अगस्त (वार्ता)** श्रीलंका ने चरिथ असालंका की अगुवाई में 29 अगस्त से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरु होने वाली दो मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में वानिंदु हसरंगा को शामिल नहीं किया है। टीम में 25 वर्षीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो की वापसी हुई है। फर्नांडो ने आखिरी बार 2024 की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 22 वर्षीय अनकैप्ड शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पवन रत्नायके को भी टीम में शामिल किया गया है।

### एक नजर में

## लखनऊ में फिन स्वीमिंग और तैराकी में 555 पदकों के लिए होगी टक्कर

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 200 फिन स्वीमिंग खिलाड़ी 22 अगस्त से राजधानी लखनऊ में खेली जाने वाली पांचवीं उत्तर प्रदेश राज्य अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप में 315 पदकों के लिए मुकाबला करेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश अंडर वाटर स्पोर्ट्स एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में 22 से 24 अगस्त तक किया जाएगा। इसी दौरान स्विमिंग वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें खिलाड़ी 240 पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र सिंह चौहान व कोषाध्यक्ष रचना सिंह ने पत्रकारों को बताया कि राज्य चैंपियनशिप में सीनियर ए, जूनियर में ए से एफ तक और मास्टर्स श्रेणी में पुरुष व महिला वर्ग में मुकाबले होंगे। इसमें खिलाड़ी 105 स्वर्ण, 105 रजत व 105 कांस्य सहित 315 पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर आगामी पांचवीं राष्ट्रीय फिन स्वीमिंग चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा।

## पश्चिम बंगाल, असम और रुद्रपुर ने सुब्रतो कप मुकाबलों में दिखाया दम

**नयी दिल्ली.** सुब्रतो कप में आज रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां अपग्रेडेड हाई स्कूल, बिलासपुर (बिहार) ने त्रिपुरा स्पोर्ट्स स्कूल, बधारघाट (पश्चिम त्रिपुरा) के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। बिहार की आराधना ने पहले हाफ के इंजरी टाइम (30+1′) में गोल दागा, जबकि त्रिपुरा की जशिका ने 13वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी। कड़े मुकाबले के बाद दोनों टीमें एक-एक अंक लेकर मैदान से बाहर निकलीं। नंदाझार आदिबासी पशिली हाई स्कूल (पश्चिम बंगाल) ने भारती पब्लिक स्कूल (दिल्ली) को 2-0 से हराया। नेहा ने 43वें और 50वें मिनट में दो गोल किए। बेटकुची हाई स्कूल (असम) ने पीएम श्री महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंड्रोट (लक्षद्वीप) को 11-0 से मात दी। इसमें मारी, मिलिना, सायस्री, मुस्कान और दिविया ने शानदार प्रदर्शन किया।अमेनिटी पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर ने क्रीड़ा प्रबोधिनी, पुणे (महाराष्ट्र) को 20-3 से हराकर बड़ी जीत दर्ज की।

## पीकेएल सीजन 12 के लिए तैयार यू.पी. योद्धाज

**लखनऊ.** जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यू.पी. योद्धाज ने आज लखनऊ में आयोजित जर्सी अनावरण कार्यक्रम में आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए अपनी नई जर्सी पेश की। योद्धाज ने एक बार फिर जीएमआर स्पोर्ट्स की मूल दर्शनशैली को दोहराया-प्रतिभा को संवारना, युवाओं को बढ़ावा देना और दीर्घकालिक उत्कृष्टता के दृष्टिकोण के साथ टीमों का विकास करना। इसी दर्शन के अनुरूप, टीम ने सुमित सांगवान को कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है, जो दोनों सीजन 7 से इस फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए हैं।

# भारत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**शिमकेंट (कजाकिस्तान), 21 अगस्त (वार्ता) भारत के रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता और किरण जाधव ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर**

- एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025

**एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।**

आज यहां आयोजित स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी ने कुल मिलाकर 1892.5 अंक हासिल किए, जिसमें पाटिल 632.3 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे, जिससे वह क्वालीफाइंग राउंड में भी शीर्ष पर रहे और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई।

अर्जुन बाबूता ने 631.6 अंक हासिल करते हुए प्रिलिमिनरी स्टेज में चौथा स्थान हासिल किया और पदक राउंड में भी जगह बनाई। लेकिन 628.6 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे किरण आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।


चीन ने 1889.2 अंकों के साथ टीम रजत पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1885.7 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

# अजिंक्य रहाणे ने छोड़ी मुंबई की कप्तानी

**मुंबई, 21 अगस्त (वार्ता)** अजिंक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के आगामी सीजन से पहले टीम की

- रहाणे खिलाड़ी के रूप में खेलते रहेंगे
- चेतेश्वर पुजारा ने रणजी खेलने की पुष्टि की
- रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से शुरू

कप्तानी छोड़ दी। वहीं अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि वह आगामी सीजन के लिए उपलब्ध हैं।



सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुजारा की उपलब्धता की पुष्टि की। एससीए के एक अधिकारी ने बताया, 卐उन्होंने आगामी रणजी सीजन में खेलने के लिए अपनी तत्परता का संकेत दिया है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी

> इस बीच, रहाणे ने एक बयान जारी कर कहा कि अब समय आ गया है कि मुंबई टीम की कमान एक युवा कप्तान के हाथों में दी जाए। उन्होंने कहा, 卐मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात रही है। नए घरेलू सीजन नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है, इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका जारी नहीं रखने का फैसला किया है।

खबर है क्योंकि उनका अनुभव टीम के लिए एक बड़ा फायदा होगा।卐

भारत के लिए 103 टेस्ट मैच खेल चुके लाल गेंद के दिग्गज 37 वर्षीय पुजारा अब अपने गृह राज्य के लिए केवल बहु-दिवसीय मैचों में ही खेलते हैं। पुजारा ने पिछले सीजन में सात मैचों में 40.2 की औसत से 402 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था, जब सौराष्ट्र को गुजरात के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। जून 2023 में द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद से वह भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं।

## इंग्लैंड ने की 15 सदस्यीय टीम घोषित

**लंदन, 21 अगस्त (वार्ता)** इंग्लैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए नेट शिवर-ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया है। इसके अलावा करीब सात महीने से समय से टीम से बाहर चल रही डैनी वायट-हॉज की भी विश्वकप टीम में वापसी हुई है. इंग्लैंड की टीम में चार स्पिनर को शामिल किया है और माया बाउचियर, एलिस डेविड्सन-रिचर्ड्स और केट क्रॉस को विश्व कप दल में जगह नहीं मिल पाई है। सोफी एक्लस्टोन स्पिन आक्रमण की अगुवाई करेंगी.

# आशु मलिक फिर से बने दिल्ली के कप्तान

## पीकेएल सीजन 12 में दबंग दिल्ली की कमान संभालेंगे

**नई दिल्ली, 21 अगस्त (वार्ता) दबंग दिल्ली ने घोषणा की है कि स्टार रेडर आशु मलिक प्रो**

- पिछले सीजन में रहे थे टॉप स्कोरर

**कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के लिए भी उसके कप्तान बने रहेंगे।**

दबंग दिल्ली कबड्डी क्लब द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, दबंग दिल्ली केसी नए जोश के साथ पीकेएल सीजन 12 में प्रवेश



करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे आशु मलिक को कप्तान के रूप में फिर से पुष्टि मिलती है।

पिछले साल टीम का नेतृत्व करने वाले यह युवा रेडर दिल्ली के आक्रमण का केंद्र बिंदु रहे हैं और सीजन 11 में सबसे अधिक रेड पॉइंट के साथ लीग के शीर्ष स्कोरर के रूप में समाप्त हुए।

पिछले सीजन में मलिक की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए, विज्ञप्ति में कहा गया है, महज 22 साल की उम्र में, आशु ने उल्लेखनीय निरंतरता और परिपक्वता दिखाई है, आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और फ्रेंचाइजी की जुझारूपन की भावना को मूर्त रूप दिया है।



# महिला मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य

## वर्ल्ड बॉक्सिंग ने लागू किया नया नियम

**लॉस एंजिलिस, 21 अगस्त। ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी।**

- लिवरपूल विश्व स्पर्धा से होगा नियम लागू
- सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता मुख्य कारण

'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा।'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने घोषणा की कि ये नियम सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे। इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती है।'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, ''विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि यह यथासंभव समावेशी हो।'उन्होंने कहा, ''फिर भी मुक्केबाजी जैसे खेल में, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है और इसलिए यह नियम बनाया गया है।''पेरिस ओलंपिक चैंपियन अल्जीरिया की इमान खलीफ़ ने जून में नीदरलैंड में एक टूर्नामेंट में भाग लेने से इनकार कर दिया था। यह फैसला उस समय लिया गया जब शासी निकाय ने लिंग परीक्षण शुरू करने की अपनी योजना की घोषणा की थी।

### जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासंघों की

'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने कहा कि परीक्षण कराने और परिणाम प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासंघों की है।इस साल की शुरुआत में विश्व एथलेटिक्स गुणसूत्र परीक्षण को फिर से शुरू करने वाला पहला ओलंपिक खेल बना था।

**आस** — पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने केएससीए चुनाव लड़ने का किया ऐलान

# चिन्नास्वामी स्टेडियम की साख बहाल करेंगे



**बेंगलुरु, 21 अगस्त (वार्ता)** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की छवि को बहाल करने की कसम खाई है, साथ ही आगामी चुनावों में चुने जाने पर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) में बेहतर प्रशासन और पारदर्शिता के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है।

2013-2016 तक केएससीए के उपाध्यक्ष रहे प्रसाद ने बुधवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में बोर्ड चुनाव लड़ने की घोषणा की। उनके साथ पूर्व भारतीय महिला कप्तान शांता रंगास्वामी और केएससीए के पूर्व पदाधिकारी और बीसीसीआई की वित्त समिति के सदस्य विनय मृत्युंजय भी चुनाव लड़ रहे हैं।

प्रसाद ने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को वापस लाना चाहते हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम एक ऐसा प्रतिष्ठित स्टेडियम है जो पिछले 50 सालों से कई ऐतिहासिक लम्हों का गवाह बना है। मैचों की मेजबानी की अनुमति लेने जैसी चीज पहले कभी नहीं हुई। यहां तक कि हमारे अपने महाराजा कप की भी मेजबानी छीन ली गई जो अच्छी बात नहीं है।%%

प्रसाद की क्रिकेट प्रशासन में संभावित वापसी ऐसे समय में हुई है जब केएससीए खुद को मुश्किल स्थिति में पा रहा है। एसोसिएशन जून से बिना किसी सचिव और कोषाध्यक्ष के काम कर रहा है, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर में मची भगदड़ के बाद नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए उन सभी ने इस्तीफा दे दिया था। इस भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी। बाद के आयोजनों के लिए पुलिस की अनुमति बार-बार अस्वीकार कर दी गई, जिससे केएससीए को महाराजा टी20 ट्रॉफी को मैसूरु स्थानांतरित करना पड़ा। फिलहाल जो स्थिति है उससे यह संभावना बढ़ती जा रही है कि आगामी महिला विश्व कप के दौरान मैचों की मेजबानी के लिए बेंगलुरु को अनुमति नहीं मिलेगी।

> केएससीए को स्थानीय नियामक निकायों के साथ भी समस्याओं का सामना करना पड़ा है, जिसमें विद्युत आपूर्ति विभाग भी शामिल है, जिसने अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन न करने के कारण आयोजन स्थल की बिजली काट दी है। बेंगलुरु को महिला विश्व कप के पहले मैच, दूसरे सेमीफाइनल और यहां तक कि अगर पाकिस्तान फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं करता है तो फ़ाइनल मुकाबले की भी मेजबानी करनी थी। केएससीए द्वारा बीसीसीआई से सभी स्वीकृतियां हासिल करने के लिए निर्धारित कई समय सीमाओं को पूरा न कर पाने के कारण इन सभी मैचों की मेजबानी अधर में लटकी है। मृत्युंजय ने बताया, %%जब भी बीसीसीआई मैच आवंटित करता है, तो उसकी एक शर्त यह होती है कि हमें राज्य सरकार से अनुमति लेने के लिए एक समय सीमा दी जाती है।अगर हमें अनुमति नहीं मिलती है, तो फिर मैचों की मेजबानी मुश्किल है। वर्तमान स्थिति में जैसा कि आप जानते हैं कि अनुमति नहीं दी गई है। हम सरकारी एजेंसियों से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के लिए अपना प्रयास करेंगे।%%_साद और उनकी टीम की तत्काल प्राथमिकता (अगर वे चुने जाते हैं) ये होगी कि उन सुरक्षा चिंताओं को दूर किया जाए जिनके कारण भगदड़ मची थी। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक सदस्यीय समिति ने स्टेडियम के डिजाइन में गंभीर खामियां पाई थीं और इसे ज्यादा भीड़ वाले बड़े मैचों की मेजबानी के लिए %अनुपयुक्त और असुरक्षित% माना गया है। प्रसाद ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की दर्शक क्षमता बढ़ाने की केएससीए की महत्वाकांक्षी योजना का भी जिक्र किया, जिसमें सभी इंजीनियरिंग चुनौतियों को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा हमें इस पर काम करने की जरूरत है। क्योंकि जैसा कि मैंने पहले कहा, यह 1974 में बना था। मैं मानता हूं कि हम इसे 80,000 या उससे ज्यादा क्षमता वाला तो नहीं कर सकते लेकिन शायद 15,000 और बढ़ाते हुए 50,000 तक तो किया ही जा सकता है।